an>

title: Need to set up a plant of Bharat Gas either at Chatra, Latehar and Palamau.

श्री सुनील कुमार सिंह (चतरा) : माननीय उपाध्यक्ष जी, मैं आपका ध्यान एक अति महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। झारखंड में एलपीजी गैस उपभोक्ताओं की संख्या काफी बढ़ती जा रही है। गांवों में भी अब घरेलू उपयोग के लिए एलपीजी का उपयोग बढ़ रहा है। एलपीजी की तीन प्रमुख कंपनियां हिन्दुस्तान पैट्रोलियम, इंडेन और भारत गैस है। झारखंड में तीनों के उपभोक्ता हैं लेकिन एच.पी. और इंडेन का एक-एक प्लांट ही हजारीबाग और टाटा में लगा हुआ है। भारत गैस का कोई भी प्लांट झारखंड में नहीं है जिसके चलते अन्य कंपनियों से उधार लेकर गैस सिलिंडर उपभोक्ताओं को गैस आपूर्ति की जा रही है। मेरे संसदीय क्षेत्र चतरा में भारत गैस के 13 हजार से ज्यादा उपभोक्ता हैं जिन्हें गैस की प्रतिमाह कम से कम 7 गाड़ियों की जरूरत पड़ती है लेकिन मात्र 21 गाड़ियों की आवश्यकता के हिसाब से 5 गाड़ी एलपीजी ही उपलब्ध कराया जा रहा है जिससे उपभोक्ताओं को एलपीजी गैस नहीं मिल पा रही है। इसलिए मेरी आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग है कि चतरा, लातेहार या पलामू जिले में भारत गैस का एक प्लांट स्थापित किया जाए जिससे पूरे झारखंड में भारत गैस के उपभोक्ताओं को समय पर गैस आपूर्ति हो सके।